हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार,14 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 34 .2 डिग्री
न्यूनतम 16 .4 डिग्री


13 हटाए गए सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन





14 श्रोत्रिय ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं,




## खबर संक्षेप

### स्टेशन पर मिला घायल युवक, पीजीआई रेफर

**सोनीपत।** राजकीय रेलवे पुलिस जीआरपी ने सोमवार को रेलवे स्टेशन पर घायल अवस्था में मिले एक 30 वर्षीय युवक को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। युवक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें थीं। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, यात्रियों ने रेलवे स्टेशन के पास एक युवक को घायल अवस्था में देखा और तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को एंबुलेंस से नागरिक अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला है। वह किसी हादसे में घायल हुआ हो। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और मामले की पूरी पड़ताल जारी है।

### अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाया, पीजीआई रेफर

**सोनीपत।** शहर में सोमवार को एक अज्ञात 42 वर्षीय युवक की तबीयत जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ गई। गंभीर अवस्था में उसे नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर रेफर कर दिया। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, राहगीरों ने युवक को सड़क किनारे अचेत अवस्था में देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

### युवक की अस्पताल ले जाते हुए मौत

**सोनीपत।** उपचार के लिए घर से नागरिक अस्पताल लाया जा रहा 25 वर्षीय युवक रास्ते में ही दम तोड़ गया। जानकारी मिली है कि युवक लंबी बीमारी से ग्रस्त था। जानकारी के अनुसार, युवक सोनीपत शहर का रहने वाला था और बीती रात से अस्वस्थ था। परिजन उसे सोमवार सुबह इलाज के लिए नागरिक अस्पताल लेकर आ रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों को जानकारी दी, जिसके बाद डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

### परचून की दुकान से बरामद की अवैध शराब

**खरखौदा।** पुलिस ने सूचना के आधार पर कंवाली गांव स्थित एक परचून की दुकान से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दुकानदार अपनी दुकान में अवैध रूप से शराब बेचने का काम कर रहा है। पुलिस ने दुकान से अंग्रेजी शराब की तीन पेटी आठ बोतल, दो पेटी 10 अद्दे, एक पेटी बियर, पांच देसी बोतल की पेटी, 3 देसी अद्धे की पेटी, 2 देसी पव्वे की पेटी बरामद की है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार की मौजूदगी में शराब को बरामद किया गया है। दुकानदार की पहचान प्रमोद कंवाली निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में मजदूर की मौत, केस दर्ज

**खरखौदा।** पीपली गांव में हुई सड़क दुर्घटना में एक मजदूर की मौत हो गई है। मृतक की पत्नी बिमल कुमारी ने बताया कि उसका पति सोनू कुमार सैदपुर स्थित एक भट्ठे पर मजदूरी का काम करता था। जब वह भट्ठे से पीपली गांव की तरफ बाइक पर आ रहा था, तो गांव के मंदिर के पास एक कैंटर से टक्कर हो गई। जिसमें उसके पति की मौके पर की मौत हो गई। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# घर में सो रहे बुजुर्ग पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाई



■ राजेंद्र सिंह की चीखें सुनकर पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला ■ चेहरा और हाथ झुलसा, आगजनी में घर का सामान जला

**गन्नौर।** गांधी नगर में रविवार की रात एक व्यक्ति को उसके ही कमरे में जिंदा जलाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 64 वर्षीय राजेंद्र सिंह अपने कमरे में सो रहे थे, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने बाहर से कमरे की कुंडी लगाकर खिड़की की जाली उखाड़ दी। इसके बाद व्यक्ति ने कमरे में ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा दी और मौके से फरार हो गया। आग लगने के बाद झुलसे राजेंद्र सिंह की चीखें सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजे की कुंडी खोल कर राजेंद्र सिंह को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### छोटे भाई पर आरोप

घायल राजेंद्र सिंह ने पुलिस को शिकायत देकर अपने छोटे भाई सेक्टर 23 निवासी हवासिंह पहल व उनके परिवार के सदस्यों पर इस घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। घर के बंटवारे के लेकर वह पहले भी दो बार उनके साथ झगड़ा कर चुका है और उनके खिलाफ गन्नौर थाना में झूठा केस दर्ज करवा चुका है। उसके भाई हवासिंह ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी।



### बेटा हिमाचल में डॉक्टर और पत्नी बेटे से मिलने गई थी

राजेंद्र सिंह नहरी विभाग से लिपिक के पद से सेवानिवृत हो चुके हैं। वह गांधी नगर में अपनी 85 वर्षीय मां के साथ घर रह रहे थे। उनके बेटे नवीन पहल हिमाचल प्रदेश में सरकारी अस्पताल में बतौर चिकित्सक कार्यरत हैं। उनकी पत्नी सुदेश भी अभी अपने बेटे से मिलने हिमाचल प्रदेश में गई थी। जिस समय यह हादसा हुआ उस समय राजेंद्र की मां अलग कमरे में सो रही थी।

### बेटे को पहले भी मिल चुका धमकी भरा पत्र

नवीन पहल ने बताया कि उन्हें एक साल पहले भी अपने पिता के संबंध में एक धमकी भरा पत्र मिला था। पत्र लिखने वाला अज्ञात था। उस व्यक्ति ने पत्र में कहा कि वह अपने पिता को अपने साथ ले जाए अन्यथा वह अपने पिता को खो देगा। इस संबंध में उन्होंने सोलन पुलिस को इस संबंध में शिकायत भी दी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

### पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए

आग लगने से राजेंद्र सिंह का चेहरा और हाथ बुरी तरह झुलस गए हैं। घटना की सूचना पर थाना गन्नौर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

### पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

इस संबंध में गन्नौर थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण भी किया। घायल राजेंद्र सिंह अस्पताल में उपचाराधीन हैं। उनका ब्यान लिया गया है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जल्द ही मामले में खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

मौसम में बदलाव से बढ़ा वायरल का प्रकोप, बच्चों से लेकर बड़े तक हो रहे बीमार

# नागरिक अस्पताल में लगी मरीजों की कतारें, ओपीडी 2000 के पार पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मौसम में तेजी से हो रहा बदलाव अब लोगों के स्वास्थ्य पर असर दिखाने लगा है। दिन और रात के तापमान में भारी अंतर के कारण वायरल संक्रमण और मौसमी बीमारियों के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। नागरिक अस्पताल में मरीजों की संख्या इन दिनों इतनी बढ़ गई है कि ओपीडी में रोजाना दो हजार से अधिक लोग उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से 500 से 700 मरीज केवल फिजिशियन ओपीडी में परामर्श लेने आ रहे हैं। सुबह होते ही अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर और डॉक्टरों के कक्ष के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं। फिजिशियन ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों में सबसे अधिक संख्या बुजुर्गों और बच्चों की है। बुजुर्गों में बुखार, खांसी और सांस संबंधी परेशानियां आम हैं, वहीं छोटे बच्चों में सर्दी-जुकाम और गले के संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े हैं। कई मरीजों को वायरल बुखार और थकावट की शिकायत भी देखी जा रही है।

**फिजिशियन ओपीडी में पैर रखने की जगह नहीं**



### दिन में गर्मी तो सुबह-शाम चल रही ठंडी हवाओं ने बिगड़ा स्वास्थ्य

नागरिक अस्पताल में तैनात फिजिशियन डा. शैलेंद्र राणा ने बताया कि इस समय मौसम में दिन के समय हल्की गर्माहट और सुबह-शाम ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिससे शरीर का तापमान असंतुलित हो रहा है। इस बदलाव का सीधा असर प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है और लोग सर्दी-जुकाम, गले में खराश व बुखार की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौसम के इस उतार-चढ़ाव में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।

### सुबह-शाम बाहर निकलते समय पूरी बाजू के कपड़े पहनें व ठंडी चीजों के सेवन से बचें

डा. राणा ने लोगों को सलाह दी कि सुबह-शाम बाहर निकलते समय पूरी बाजू के कपड़े पहनें और ठंडी चीजों के सेवन से बचें। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष ध्यान में रखें क्योंकि उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें और जरूरत पड़ने पर मास्क का उपयोग करें। साथ ही, शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बनाए रखें और पौष्टिक आहार लें।

### अस्पताल प्रशासन ने की अतिरिक्त व्यवस्था, रजिस्ट्रेशन काउंटर की संख्या बढ़ाई

अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश जारी किए हैं। ओपीडी में रजिस्ट्रेशन काउंटर बढ़ाए जा रहे हैं और फिजिशियन विभाग में अतिरिक्त डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जा रही है ताकि किसी मरीज को उपचार में परेशानी न हो। वहीं, दवाओं की उपलब्धता और जांच सुविधाओं को भी बढ़ाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार के बुखार या संक्रमण के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें।

**पार्षदों ने जताई नाराजगी:** बोले- ग्रांट वितरण में भेदभाव का आरोप लगाया

# अधूरे विकास कार्यों के लिए 2.45 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिला परिषद की बैठक में सोमवार को ग्रांट वितरण और अधूरे विकास कार्यों को लेकर पार्षदों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। बैठक में 2.45 करोड़ रुपये का बजट अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने के लिए मंजूर किया गया, लेकिन इसके साथ ही पार्षदों ने बजट और ग्रांट के बंटवारे में भेदभाव के आरोप लगाए।

बैठक गोहाना रोड स्थित जिला परिषद भवन में आयोजित की गई थी। बैठक शुरू होने से पहले पार्षद सरकार और प्रशासन के रवैये से नाराज होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। उन्होंने बग्गी में पुतला रखकर अपनी मांगों से संबंधित पोस्टर लगाए और सांसद की तर्ज पर जिला पार्षदों को भी कोटा दिए जाने की मांग की। बैठक के दौरान पार्षदों ने कहा कि ग्रांट वितरण समान रूप से नहीं हो रहा है। इस पर कुछ पार्षदों की बैठक में उपस्थिति को लेकर भी सवाल उठे, जिससे माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया।

### जिला परिषद की बैठक में तीखी बहस

बैठक में तीखी बहस भी देखने को मिली। हालांकि अधिकारियों के हस्तक्षेप से स्थिति संभाल ली गई और बैठक आगे बढ़ाई गई।बीपीएल परिवारों से जुड़े मुद्दे भी उठाए कई पार्षदों ने बीपीएल परिवारों से जुड़े मुद्दे भी उठाए। पार्षद संजय बड़वासनियां ने कहा कि बीपीएल परिवारों को मिले प्लॉटों में सीवर, सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही पीएम आवास योजना की दूसरी किस्त जारी करने की मांग भी रखी गई। बैठक में यह निर्णय हुआ कि एसएफसी के तहत मिले बजट से पहले से अधूरे पड़े गली निर्माण, चौपाल निर्माण, खेतों के रास्ते आदि कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसके बाद शेष बजट से नए विकास कार्यों के प्रस्ताव पार्षदों से लिए जाएंगे।

दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे पर हादसे में चार की जान गई थी

# रोड रोलर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया, अदालत ने जमानत की मंजूर



**गोहाना।** दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेसवे पर गांव रुखी के निकट शनिवार रात को हुए सडक़ हादसे में बरोदा थाना की पुलिस ने रोड रोलर के चालक को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जमानत मिल गई। रोहतक में गांव घिलौड़ कलां का सोमबीर और उसके परिवार से अंकित, लोकेश व दीपांकर शनिवार को इंटरलाकिंग टाइलों की बिक्री के संबंध में जींद की तरफ गए थे। वे शनिवार देर शाम को कार में जींद की तरफ से आ रहे थे। जब वे दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेसवे पर गांव रुखी के निकट पहुंचे तो वहां रोड पर मरम्मत कार्य चल रहा था। रोड पर रोड रोलर भी खड़ा था। कार रोड रोलर से टकरा गई थी और कार में सवार चारों युवकों की मौत हो गई थी। सोमबीर के पिता बलवान की शिकायत पर बरोदा थाना में हाईवे अथारिटी व रोड रोलर के चालक पर लापरवाही का केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने रोड रोलर के चालक हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा के नरेश को गिरफ्तार किया।

# हनुमान नगर के पास सड़क हादसे में युवक घायल, रोहतक पीजीआई रेफर

**सोनीपत।** शहर के हनुमान नगर स्थित गौशाला के पास सोमवार संदिग्ध हालत में एक युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान गुलशन नामक युवक के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही राहगीरों ने उसे तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, गुलशन किसी काम से जा रहा था, तभी गौशाला के पास अचानक वाहन की टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### हादसे के बाद वाहन चालक फरार , केस

*हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि हादसे से संबंधित सुराग जुटाए जा रहे हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घायल के बयान पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।*

पुलिस ने अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया

# रिंढाणा में मोबाइल व आभूषण चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार



**गोहाना।** थाना बरोदा पुलिस ने मोबाइल फोन व आभूषण चोरी करने की घटना में संलिप्त गांव रिंढाणा निवासी प्रदीप उर्फ घासी पुत्र रामपाल व राहुल उर्फ भालू पुत्र बिजेंद्र को गिरफ्तार किया है।गांव रिंढाणा निवासी सुनील पुत्र करण ने बरोदा थाना में शिकायत दी थी कि 4 व 5 सितंबर की रात को वह अपने घर के गेट पर ताला लगाना भूल गया था। उसके मकान में एक किरायेदार भी रहता है। सुनील के अनुसार जब उसने सुबह उठकर देखा तो घर के अन्दर से बैड के उपर से दो मोबाइल फोन, मोबाइल फोन के डिब्बे के अन्दर रखा चांदी का कड़ा, चांदी की चेन, सोने की छोटी चेन, दो जोड़ी बाले व सोने की अंगूठी गायब मिली। बरोदा थाना में मुख्य सिपाही रामबीर ने अपनी टीम के साथ इस घटना में संलिप्त उक्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उनको एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

**समालखा विधायक** मनमोहन भड़ाना की अध्यक्षता में निरीक्षण

अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए इंटरनेशनल कंसल्टेंट की जरूरत

# विस समिति राई खेल विवि पहुंची, खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए रिपोर्ट तैयार करेगी



**राई।** सोमवार को हरियाणा विधानसभा की समिति ने समालखा विधानसभा के विधायक मनमोहन भड़ाना की अध्यक्षता में राई विश्वविधालय का निरीक्षण एवं अवलोकन किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मनमोहन भड़ाना के नेतृत्व में समिति के सदस्यों सोनीपत के विधायक निखिल मदान, महम के विधायक बलराम डांगी, जुलाना की विधायक विनेश फोगाट और पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक, प्रशिक्षण तथा खेल संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। विधानसभा समिति ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, खेल प्रशिक्षण सुविधाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति, कोचिंग व्यवस्था तथा अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से संवाद कर विभिन्न मुद्दों और आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

### विधानसभा में पेश होगी रिपोर्ट

समिति अध्यक्ष विधायक मनमोहन भड़ाना ने सुझाव दिया कि खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे लाने के लिए संसाधनों का और अधिक विकास किया जाना चाहिए। समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा तथा आवश्यक सिफारिशें भी की जाएंगी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय को आगे लाने के लिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए इंटरनेशनल कंसल्टेंट की जरूरत है। जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत विश्वविद्यालय को अच्छे खिलाड़ी तैयार करवा सके। जुलाना विधायक विनेश फोगाट और महम के विधायक बलराम डांगी के साथ-साथ पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि समय-समय पर खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, चोट प्रबंधन इत्यादि के लिए कार्यशाला में इजाफा किया जाए व उपकरण भी विश्वविद्यालय में उपलब्ध होने चाहिए।

# ऊंचाहार एक्सप्रेस से यात्री का बैग छीनकर युवक फरार

■ सोनीपत स्टेशन पर वारदात, जीआरपी ने केस दर्ज किया

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर ऊंचाहार एक्सप्रेस गाड़ी में यात्रा करते समय यात्री को बैग छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर राजकीय रेलवे पुलिस अंबाला में शिकायत दी। जिसके बाद घटना स्थल सोनीपत का होने के चलते शिकायत को राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत को भेजी गई है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

मुरादाबाद यूपी निवासी गुलशन सचदेवा ने बताया कि वह सोमवार को ऊंचाहार एक्सप्रेस गाड़ी में अंबाला तक सफर कर रहा था। गाड़ी सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो उसी दौरान उसके सिर के नीचे रखे बैग को झटका मारकर खींच लिया गया। अपने स्तर पर बैग खींचने वाले को पकड़ने को प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बैग के अंदर आठ हजार रुपये की राशि, लैपटॉप, घड़ी सहित अन्य सामान था। मामले को लेकर अंबाला स्टेशन पर पहुंचने पर पुलिस को शिकायत दी। वारदात स्थल सोनीपत का होने के चलते मामले की शिकायत सोनीपत राजकीय रेलवे पुलिस को भेजी गई।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
14 अक्टूबर 2025





दीपावली का पर्व हम सभी के घर में खुशहाली का उजास लेकर आता है। लेकिन इस पर्व की तैयारी में घर की महिलाएं प्राय: इतना उलझ जाती हैं कि अपनी खुशी, सुख और उत्साह को बिसार देती हैं। ऐसा ना करें, घर-परिवार के साथ खुद भी इस त्योहारी खुशी, उल्लास के हर पल में शामिल हों। यकीन मानिए, इससे आपकी दीपावली और जगमगा उठेगी।

## स्त्रियां भी जीएं सुख का उजास

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

उजास की चमक में स्वयं अपने भीतर झांकने का त्योहार है दीपावली। संबंधों में अनुभूतियों की रौनक भरने वाला जश्न है यह पर्व। यह उत्सव प्रेम-स्नेह के भाव को दरकने से बचाने वाली झिलमिलाहट भी साथ लेकर आता है, मन की कहने-सुनने से हर चेहरे पर एक दमक भी उतर आती है। कुल मिलाकर यह उत्सवीय आभा अपने भीतर भी एक जगमगाहट भरने का संदेश देती है। आंगन संवारती, दीवारें पोंछती, व्यंजनों की खुशबू फैलाती और अपनों की सज-धज का ध्यान रखती स्त्रियां, त्योहारी आपा-धापी में खुद को ही भूल जाती हैं। तो सुनो सहेली, दमकती-चमकती आंगन की रंगोली और रसोईघर से आती पकवानों की महक के बीच अपने मन की कांति को सहेजना ना भूलो।



### सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक

हर उत्सव पर मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में स्त्रियां अपने परिवार के आंगन में उजास भरती हैं। यह त्योहारी रौनक घर से लेकर गली तक हर ओर फैली होती है। साफ-सफाई और सजावट से झिलमिलाते घरों की कड़ियों को जोड़ने वाली स्त्रियां ही होती हैं। ऐसे में खुद की अनदेखी ना चाहते हुए भी हो जाती है। 'यह कर लूं', 'वह निपटा लूं' और 'घर के कोने-कोने को सजा लूं' के फेर में अपनी सज-धज तो रह ही जाती है। कभी-कभी तो इस भाग-दौड़ में मन नीरसता के धुंधलेपन से घिर जाता है। लेकिन सामानों की धूल झाड़ने में स्वयं की आभा फीकी ना होने दें।

अब जबकि दीपावली आने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं तो अपनी खुद की की साज-सज्जा की तैयारियां करने पर भी ध्यान दें। दीपपर्व की उजास में आपकी सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक भी बिखरनी ही चाहिए।

### बना रहे उपस्थिति का आलोक

इस दीपावली यह सुनिश्चित करें कि आपकी उपस्थिति का आलोक भी हर ओर फैले। जब सब मेल-जोल में व्यस्त हैं। आपके अपने सब कुछ भूलकर त्योहार की खुशियों को जी रहे हैं तो आप क्यों काम में उलझी हैं? आसमान तक फैली झिलमिलाहट के बीच आप घर के भीतर क्या सहेजने में लगी हैं? आज भी बहुत सी स्त्रियों के लिए यह त्योहार तैयारियों की कभी ना खत्म होने वाली श्रंखला भर बनकर रह जाता है। ऐसे में झिलमिल दीपों से सजे चौखट-चौबारों के बीच आपका मन व्यस्तता के जाल में न उलझे। ध्यान रहे, दीपावली के त्योहार पर मां लक्ष्मी और माता सरस्वती के पूजन का विधान है। अपने संवेदनशील हृदय में भरी ज्ञान रूपी समझ से सुखद मेलजोल जीएं। गृहलक्ष्मी के रूप में आलोकित अपने व्यक्तित्व को जिम्मेदारियां निभाने तक न समेटें। परिवार, घर-द्वार को संभालने के साथ-साथ दीपावली के दीयों की टिमटिमाती मुस्कान के बीच आपकी उपस्थिति की चमक भी जरूरी है।



### साझेपन की दमक जरूरी

आप होम मेकर हों या वर्किंग वुमेन, त्योहार की तैयारी में सबका साथ लीजिए। परिवार को उत्सव मनाने में ही नहीं उत्सवीय तैयारियों में भी साथ रखिए। त्योहार के दिन आस-पड़ोस या मित्रों-सगे-संबंधियों के यहां सबके साथ आप भी मिलने जाइए। याद रहे, आपसी मेल-जोल और रिश्तों की रौनक से जुड़ा दीपावली का पर्व खुद को पीछे रखने के बजाय सहज रूप मन की ऊर्जा जुटा लेने का उत्सव है। इसके लिए स्त्रियां अपनों की सहायता लेने में संकोच ना करें। अपने जीवन में साझेपन की चमक भरने का प्रयास करें, ताकि यह जज्बाती दमक जिम्मेदारियों के मोर्चे पर भी दिखे। इतना भर करने से सबकी इच्छाओं और खुशियों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए भी समय निकाल सकेंगी। घर के आंगन में ही नहीं, अंतर्मन में भी इस त्योहार की जगमग को महसूस करेंगी। a

### अपनों की अहम भूमिका

**गृहलक्ष्मी की** भाग-दौड़ को समझने का प्रयास अपनों को भी करना चाहिए। झिलमिलाते घर-आंगन में हंसते-मुस्कुराते हुए सब कुछ संभालने वाली परिवार की महिलाओं को बच्चे, बुजुर्ग और जीवनसाथी सभी सहयोग करें। उनको मन से सम्मान दें। याद दिलाएं कि पहनने के लिए उनकी पसंद के पारंपरिक परिधानों की तैयारी भी उन्हें ही करनी है। मिठाइयों की सूची थोड़ी छोटी रही तो भी चलेगा। 'बहू तुम भी सबके साथ बैठो' भर कहकर बुजुर्ग कई दिनों की भाग-दौड़ से फीके पड़े चेहरे की चमक लौटा सकते हैं। 'मम्मा हमारे साथ-साथ आप भी अच्छे से तैयार हो जाओ ना!' जैसे शब्द दीपावली की तैयारियों में जुटी मां को मुस्कुराहट की चमक दे सकता है। 'गृहलक्ष्मी की सज-धज बिना कैसा त्योहार' कहने वाले जीवनसाथी की अनुभूतियों से मिली आभा मन को नई दमक दे जाती है। अपनों का यह साथ-स्नेह घर की महिलाओं के लिए इस पर्व की रौनक और बढ़ा देगा। असल में बड़ों-छोटों की यह ज्योतिर्मय सोच स्त्रियों को कई उलझनों से बचा लेती है। दीपावली का त्योहार एक-दूजे के साथ खुशियां बांटने की परंपरा है। उत्सव के वास्तविक मायने तो तभी हैं, जब घर का हर सदस्य इस रीत की रौनक को जीए।



सुख-शांति-समृद्धि के लिए दीपावली से पहले

## घर से निकालें नकारात्मक ऊर्जा

हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख, शांति बनी रहे और समृद्धि आए। इसके लिए दीपावली एक अच्छा अवसर है। आप वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ बातों को ध्यान रखकर अपने घर में सुख, शांति के साथ समृद्धि ला सकती हैं।

वास्तु
निकिता चौहान



जब दीपावली जैसा बड़ा पर्व आता है, परिवार में उत्सवी माहौल हो जाता है, मन उमंग-तरंग से भर उठता है। लेकिन दीपावली की खुशियों में कोई बाधा ना आए, त्योहार खुशी के साथ मनाया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को निकालें। भारतीय वैदिक वास्तु हमारे पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा है, जो हमें अपने घर और कार्यस्थल पर पांच मूल प्राकृतिक तत्वों के सामंजस्य से एक सुगमता स्थापित करने में सहायता करता है। वैदिक वास्तु इन पंच तत्वों को उनकी दिशा के अनुसार घर में संयोजित करने की सलाह देता है। दीपावली में हमें वैदिक वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी और हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, घर में सुख- शांति रहेगी, समृद्धि भी आएगी। ये विशेष उपाय कौन से हैं, जानें-

**घर के केंद्र को साफ रखें:** दीपावली में सर्वप्रथम अपने घर के केंद्र, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, को साफ-सुथरा बनाएं। वहां बहुत ज्यादा सामान ना हो। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह सही और सुचारु ढंग से होगा।



**मिट्टी का दीपक जलाएं:** मिट्टी के दीये में गाय के घी से दीपक प्रज्वलित करें। गाय के घी को शुभ और पवित्र ऊर्जा का कारक माना जाता है। इसके अलावा तिल के तेल से दिया प्रज्वलित करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव को समाप्त किया जा सकता है। घी, तिल, अरंडी, महुआ और नीम के तेल को मिलाकर प्रज्वलित दीपक पंचदीपम कहलाता है। इससे घर में समृद्धि, परिवार में स्नेह बना रहता है, रोग का नाश होता है। नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव की समाप्ति होती है, साथ ही वंश वृद्धि होती है।

**चमकीले रंग का उपयोग करें:** दीपावली में हमेशा चमकीले रंग का उपयोग करना चाहिए। दीपावली से पहले या बाद में पेंटिंग और साज-सज्जा करें। इसके अलावा दीपावली में आपको अपने घर या कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास खास साफ-सफाई करना चाहिए।

**पोंछे में समुद्री नमक डालें:** घर में पोंछा लगाते समय पानी में थोड़ा समुद्री नमक मिला दें फिर पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने में मदद मिलेगी।

**नया दर्पण लगाएं:** घर में नया दर्पण लगाएं ताकि लाइट ज्यादा चमके और सकारात्मक वातावरण बने। दीपावली के अवसर पर अपने घर के द्वार पर पौधों वाला गमला रखें। पौधा एक तरह से जीवन का प्रतीक होता है, इसलिए आपके घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रहता है।

**मंत्र जाप करें:** दीपावली के दिन खासकर घर में धार्मिक मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऑडियो को मधुर आवाज में लगाएं। इससे अपने घर में भरपूर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगी। परिवार में सब स्वस्थ रहेंगे। प्रेम-स्नेह भी बना रहेगा। a

**(वास्तु-ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह से बातचीत पर आधारित)**

दीपावली जैसा बड़ा पर्व हो तो इसकी भव्य तैयारी जरूरी हो जाती है। यह तैयारी वर्किंग वूमेन के लिए एक बड़े टास्क जैसी होती है, क्योंकि उसे ऑफिस के कामों के साथ, घर में भी त्योहार की तैयारी करनी होती है। इस दोहरी जिम्मेदारी के बीच वर्किंग वूमेन कैसे बैलेंस बैठाएं, जानिए।

टाइम मैनेजमेंट के साथ करें फेस्टिवल की तैयारी

## फैमिली से लें हेल्प-करें फुल एंज्वॉय

वर्किंग वूमेन
अलका सोनी

दीपावली का पर्व सिर्फ लक्ष्मी पूजन, पटाखे और मिठाइयों तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी चमक-दमक के पीछे महीनों की तैयारी छिपी होती है। घर के हरेक कोने की झाड़-पोंछ, सजावट, नए कपड़े, पकवान और रिश्तेदारों की आवभगत, इन सबका बोझ ज्यादातर महिलाओं के कंधों पर रहता है। महिला अगर काम-काजी है, तो दीपावली की तैयारी करना उसके लिए आसान नहीं होता, काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन सही ढंग से मैनेज किया जाए तो मुश्किलें आसान हो सकती हैं। इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत गुंजन सिंह कहती हैं, 'वर्किंग होने के साथ त्योहारों की तैयारी थोड़ी मुश्किल हो जाती है, लेकिन टाइम मैनेजमेंट से त्योहार को पूरी तरह एंज्वॉय करने का मौका मिल सकता है। मैं दिवाली के बीस दिन पहले से थोड़ी-थोड़ी तैयारी करने लगती हूं। इससे एकसाथ मुझ पर काम का बोझ नहीं पड़ता। दिवाली का सामान उसकी प्राथमिकता के हिसाब से लाती जाती हूं, एक लिस्ट बना लेती हूं, फिर ऑफिस से आते वक्त इन्हें लाती रहती हूं।'



**महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारी:** भारतीय परिवारों में त्योहार की तैयारी का काम पीढ़ियों से महिलाओं की जिम्मेदारी ही माना गया है। दादी-नानी के समय में यह काम सहज रूप से घरेलू जीवन का हिस्सा था। तब अधिकतर महिलाएं गृहिणी थीं, इसलिए पूरा ध्यान घर के सभी कामों को करने और मेहमानों की देखभाल में बीतता था, लेकिन बदलते समय के साथ महिलाएं शिक्षा और नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं। ऐसे में उन पर जिम्मेदारियों का भार दोगुना हो गया है।

**टाइम मैनेजमेंट का प्रेशर:** ऑफिस की डेडलाइन और त्योहार की डेडलाइन, दोनों को साथ लेकर चलना एक आर्ट है। हर महिला इसे अपने तरीके से सीखती है। ऑफिस के कामों के साथ घर में भी त्योहारों की रौनक कायम रखने पर ध्यान दिया जाए तो दोनों के बीच अच्छा संतुलन बनाया जा सकता है। बस उन्हें अपने परिजनों की थोड़ी मदद की दरकार होती है।

**हो स्मार्ट प्लानिंग:** वर्किंग वूमेन के पास समय की कमी होती है। इसलिए समय बचाने और सारा काम पूरा करने के लिए ये महिलाएं 'टू-डू लिस्ट' और कैलेंडर बनाकर हफ्तों पहले तैयारी शुरू कर देती हैं। एक दिन सफाई, दूसरे दिन बाजार, तीसरे दिन उपहारों की पैकिंग। इस तरह काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करने से काम आसानी से हो जाते हैं। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग, एप-बेस्ड क्लीनिंग सर्विस, तैयार मिठाइयों की होम-डिलीवरी जैसी सुविधाएं आज त्योहारों की तैयारी को आसान बना रही हैं। आज की महिलाएं यह समझती हैं कि दिवाली का मतलब तनाव नहीं, खुशी है। इसलिए वे ऑफिस से छुट्टियां पहले से प्लान कर लेती हैं। a

### जरूरी है परिवार की भागीदारी



जीवन में हम परिवार की अहमियत को अनदेखा नहीं कर सकते। परिवार को मानव की प्रथम पाठशाला भी कहा जाता है। यानी कि पीढ़ियां अपने परिवार से ही सीखती रही हैं। अतः यह समझने की जरूरत है कि घरेलू कार्यों के लिए सिर्फ महिलाएं ही जिम्मेदार नहीं हैं, घर के पुरुषों और बच्चों को भी त्योहार की तैयारियों में हाथ बंटाना चाहिए। इससे सारे काम आसानी से संपन्न हो जाएंगे।



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## प्रदूषण से बालों को ऐसे बचाएं

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए:** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग:** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हेयर मास्क को आप हर हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** पचास-साठ की उम्र से पहले सफेद हुए बालों की समस्या से बहुत सी युवा और मिडएज की महिलाएं परेशान रहती हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भी मुलेठी पावडर का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। इसके लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम कर सकती है। इसके लिए, दही और मुलेठी पावडर का पेस्ट भी काफी फायदेमंद साबित होता है। a

डेकोरेशन
श्रुति आयंगर

दीपावली के अवसर पर हर कोई चाहता है कि उसका घर-आंगन सबसे खूबसूरत दिखे। आप भी अपने घर को आकर्षक दिखाने के लिए तैयारियों में जुटी होंगी। हम यहां आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आपका घर ऐसा दमक उठेगा कि सब तारीफ करेंगे।

## खूबसूरत-आकर्षक दिखेगा आपका आशियाना

दिवाली सिर्फ रोशनी करने, आतिशबाजी करने, तरह-तरह के व्यंजन खाने-खिलाने का त्योहार नहीं है। इस अवसर पर घर के हर कोने को सजाया भी जाता है। हम आपको घर डेकोरेट करने के कुछ आसान लेकिन अट्रैक्टिव लुक देने वाले तरीके बता रहे हैं।

**एंटीक-हैंडीक्राफ्ट आइटम्स:** ब्रास, कॉपर, सिल्वर टोन के शोपीसेस और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स घर को रॉयल लुक देते हैं। छोटे-छोटे लैंप्स, हैंड पेंटेड ट्रे, मूर्तियां, ब्रास या कॉपर के वास, लंबे दीया स्टैंड, टेराकोटा आर्ट पीस, वुडेन क्राफ्ट, क्ले पॉट्स, मेटल वॉल हैंगिंग, पेंटेड बॉटल्स, झूमर, घंटियां और पीतल के शोपीस ये सभी घर को फेस्टिव टच देते हैं। इन्हें कॉर्नर टेबल, विंडो साइड टेबल या घर के एंट्रेंस पर साइड टेबल पर रखें तो और भी अच्छा दिखेगा।





**थीम बेस्ड डेकोरेशन:** हाल के सालों में दीपावली पर थीम बेस्ड डेकोरेशन का क्रेज भी काफी बढ़ा है। आप चाहें तो गोल्डेन थीम फॉलो कर अपने घर को रॉयल-क्लासी टच दे सकती हैं। पेस्टल थीम से घर को सॉफ्ट और ट्रेंडी लुक मिलेगा। इस ऑकेजन के लिए ट्रेडिशनल रेड-ग्रीन डेकोरेशन को भी शुभ माना जाता है। अगर आप कुछ डिफरेंट डेकोरेशन चाहती हैं तो मल्टीकलर या कोई ट्रेडिशनल थीम भी अपना सकती हैं। जो थीम आप सेलेक्ट करें उसी के अनुसार पर्दे, टेबल कवर, रनर और डेकोरेटिव आइटम्स का भी चुनाव करें।

**रि-स्टाइल करें फर्नीचर:** जरूरी नहीं कि दीपावली पर नए फर्नीचर ही खरीदे जाएं। इसकी बजाय पुराने फर्नीचर को रि-स्टाइल भी करवा सकती हैं। सोफा या चेयर को दीवार के किनारे से हटाकर सर्कल या स्क्वेयर में अरेंज कर सकती हैं। पुराने सोफे का बेस और बैक कुशन बदलें।

**लाइटिंग हो खास:** दीपावली के मौके पर हैंडमेड बाती लैंप, शेड लाइट और शैडो लाइट्स काफी पसंद की जाती हैं। ये पीसेस घर को रोशन करने के साथ-साथ स्टाइलिश और पर्सनल टच भी देती हैं। ड्राइंग रूम में डेकोरेटिव लैंप, हैंगिंग लालटेन और वॉल लैंप्स लगाकर घर को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इंडोर प्लांट्स के आस-पास छोटे रंगीन बल्बों वाली लाइट्स लगा सकती हैं। बालकनी और लॉन के लिए फेयरी लाइट्स, स्टार प्रोजेक्टर, एलईडी स्ट्रिप और लालटेन का उपयोग करना अलग टच देगा। पूरे आंगन को जगमगाने के लिए एलईडी और सोलर लाइट्स सबसे स्मार्ट ऑप्शन हैं।



**शीशे से करें सजावट:** गोल या चौकोर आकार के छोटे शीशों के टुकड़ों को लंबी, पतली रंगीन पट्टी पर चिपकाकर दीवारों पर सजाया जा सकता है। दरवाजे पर शीशों का तोरण भी बहुत खूबसूरत लगता है।

**फूलों से सजाएं घर:** गेंदे के नकली फूलों की लड़ी, जिसमें छोटी घंटियां लगी हों, सीढ़ी की रेलिंग पर लटका सकती हैं। आप असली फूल भी लगा सकती हैं। a

**(इंटीरियर एक्सपर्ट अनामिका शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### कर्मियों का एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने सोमवार को शहर में महम मार्ग स्थित कार्यकारी अभियंता कार्यालय में धरना देकर तकनीकी कर्मचारियों के ऑर्डर फील्ड में करवाने की मांग की। तकनीकी कर्मचारियों के ऑर्डर फील्ड में करने के बाद धरने पर बैठे कर्मचारियों का गुस्सा शांत हुआ और धरना खत्म किया। बिजली कर्मचारियों का धरना पिछले कई दिन से शहरी सब डिविजन कार्यालय में चल रहा था।

### समस्याओं का समाधान करवाना कर्तव्य : इंदुराज

**गोहाना।** बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने सोमवार को शहर में बरोदा रोड स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। कई गांवों के लोग उनके समक्ष अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक ने कहा कि हलके के लोगों की समस्याओं का निराकरण करवाना ही उनकी प्राथमिकता है। विधायक के समक्ष आहुलाना एवं रभड़ा में चौपालों के निर्माण कार्य करवाने, खानपुर खुर्द और जागसी में पेयजल पाइपलाइन की व्यवस्था करवाने, शामड़ी गांव में बाढ़ के पानी निकालने के लिए स्थायी समाधान के तहत पीपीपी में त्रुटियां ठीक करवाने व काटे गए बीपीएल राशन कार्ड दोबाना से बनवाने की मांगें रखी गई।

### शिक्षक दलबीर प्रथम सुनील दहिया द्वितीय

**गोहाना।** सोमवार को शैक्षणिक खंड गोहाना के शिक्षण अधिगम उपकरण संग्रह प्रतियोगिता और सम्पर्क फाउंडेशन की एफएलएन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के प्राथमिक शिक्षकों ने प्रतिभागिता की थी। गांव गढ़ी सराय नामदार खां स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के शिक्षक दलबीर प्रथम और एफएलएन प्रतियोगिता में इसी विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक सुनील दहिया ने सबसे अधिक स्पार्कल अर्जित करते हुए जिले भर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### ऐतिहासिक होगी जन विश्वास-जन विकास रैली

**गोहाना।** सोमवार को बरोदा हलका के भाजपा कार्यकर्ताओं की सिंचाई विश्राम गृह में बैठक संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता जिला गोहाना अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। मुख्यातिथि बरोदा हलका के प्रभारी नलवा से विधायक रणधीर पनिहार और विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल एवं बरोदा हलका से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान पहुंचे। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री की 17 को राई में प्रस्तावित जन विश्वास-जन विकास रैली ऐतिहासिक होगी।

### महिला पत्रकारों को बाहर रखने की घटना की निंदा

**सोनीपत।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा), जिला सोनीपत ने दिल्ली में तालिबान शासित अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखने की घटना की कड़ी निंदा की है। समिति ने इसे महिलाओं के प्रति अपमानजनक दृष्टिकोण और तालिबान को खुश करने का शर्मनाक प्रयास बताया।

## जल कर्मचारियों ने नारेबाजी कर जताया रोष

# बीडीपीओ कार्यालय पर टारगेट कर वेतन रोकने व परेशान करने का लगाया आरोप

**ड्यूटी की समय सारणी पानी सप्लाई अनुसार संभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। जलकर्मी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में एकत्रित होकर रोष व्यक्त करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गन्नौर ब्लाक के जलकर्मी सोमवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में एकत्रित हुए और अपनी मांगों को लेकर रोष व्यक्त किया। रोष व्यक्त कर रहे जल कर्मियों का आरोप है कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय द्वारा सरपंचों को लेटर जारी किया है,जिसमें जलकर्मियों के लिए आदेश है कि ग्राम पंचायत अपने स्तर पर डयूटी लेगी। जलकर्मी अशोक आदि ने हस्ताक्षर युक्त शिकायत में बताया कि जलकर्मियों की 8 घंटे की ड्यूटी की समय सारणी पानी सप्लाई अनुसार संभव है। लेकिन बीडीपीओं कार्यालय ने जो पत्र जारी किया है वह जल कर्मी, चौकीदार व सफाईकर्मी के अनुसार नही है। बीडीपीओं कार्यालय द्वारा जलकर्मियों को टारगेट बनाकर वेतन रोकने की मंशा रखते किया है। जलकर्मी को सुबह 4 और रात को 9 बजे भी ड्यूटी करनी पड़ती है। आरोप लगाया कि बीडीपीओ कार्यालय द्वारा उन्हें टारगेट कर परेशान किया जा रहा है।

## हटाए गए सफाई कर्मचारियों का धरना 13वें दिन भी जारी

- मेयर से मिले यूनियन सदस्य पुनर्नियुक्ति का मिला आश्वासन

**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बलि सेना के बैनर तले हटाए गए सफाई कर्मचारियों का धरना लगातार जारी है। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। यह धरना आज 13वें दिन भी जारी रहा। प्रधान मुकेश टांक ने बताया कि यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम मेयर राजीव जैन से मुलाकात कर हटाए गए कर्मचारियों की बहाली को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों को हटाया गया है, वे पूरी तरह निर्दोष हैं और उन्हें अन्यायपूर्ण तरीके से नौकरी से निकाला गया है। यूनियन ने मांग की कि सभी कर्मचारियों को तुरंत काम पर वापस लिया जाए। मेयर राजीव जैन ने यूनियन को आश्वासन दिया कि निगम कमिश्नर हर्षित कुमार के लौटने के बाद बैठक आयोजित कर समस्या का समाधान किया जाएगा और हटाए गए कर्मचारियों को पुनः नियुक्त किया जाएगा।


सोनीपत। नगर निगम में विरोध प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मचारी।

आज सभी सफाई कर्मचारी अपने नियमित कार्यों के बाद दोपहर 12 बजे नगर निगम परिसर में एकत्र हुए और प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे कर्मचारियों के समर्थन में सैकड़ों सफाई कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शन में युधिष्ठिर, अनिल, रविंद्र, सोनू, रितेश, सुमित, सोमी, इंद्रजीत, पूनम, सुषमा, काजल, प्रमिला सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## एडीजीपी आत्महत्या मामले की निष्पक्ष जांच की जाए



गोहाना। शहर में सडक़ों पर प्रदर्शन करते संगठनों के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

- गोहाना में जवाहरलाल नेहरु पार्क में बैठक के बाद शहर में निकाला जुलूस, नारेबाजी कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सीनियर आइपीएस वाई पूरण कुमार की मौत, सर्वोच्च न्यायालय के सीजेआइ बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश और रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की जघन्य हत्या की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सड?ों पर उतरकर प्रदर्शन किया और सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। आंबेडकर चौक में एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता सोमवार को जींद रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू पार्क में एकत्रित हुए। वहां से रोष मार्च निकालते हुए आंबेडकर चौक पर पहुंचे। यहां पर डा. सीडी शर्मा, यशपाल मेहंदिया, आजाद सिंह दांगी, प्रो. शमशेर भंडेरी, धुलाराम, जगदीश राय, रवि इंदौरा, बंसी वाल्मीकि ने कहा कि पिछले कुछ ही दिनों में अनुसूचित समाज के साथ अत्याचार की तीन बड़ी घटनाएं सामने आई हैं। सीजेआइ पर जूता फेंकने की कोशिश करना, रायबरेली में वाल्मीकि युवक की हत्या और अब ईमानदार अधिकारी वाई पूरन कुमार की मौत हो गई। अफसरशाही के दबाव और अत्याचारों के कारण वाई पूरन कुमार को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा। इस मौके पर जितेंद्र जांगड़ा, नरेश प्रजापति, रघुवीर विरोधिया, डा. सुनीता त्यागी, सुभाष वर्मा रहे।

**सौंपा मांगपत्र**
प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, अनुसूचित समाज चुप नहीं बैठेगा। कुछ प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर 17 से पहले न्याय नहीं मिला तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोनीपत में होने वाली रैली का विरोध किया जाएगा। एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय आंबेडकर चौक में ज्ञापन लेने पहुंची।

## राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- मूल निवासी संघ ने एडीजीपी मामले में रोष प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


गन्नौर। एडीजीपी मामले में रोष प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

मूल निवासी संघ जिला इकाई के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय सचिव अभिरंजन के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन दिवंगत एडीजीपी वाई. पूरन कुमार की कथित जातिवादी संस्थागत हत्या के विरोध में किया गया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम गन्नौर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। पीपल्स लीगल सैल की सदस्य पूनम ने कहा कि 7 अक्तूबर को हरियाणा के ईमानदार, अनुशासित और कर्मठ अधिकारी वाई. पूरन कुमार ने आत्महत्या विवश होकर की। उन पर अत्याचार हो रहा था। यह घटना दर्शाती है कि स्वतंत्रता के 78 वर्ष और संविधान लागू होने के 75 वर्ष बाद भी समाज में मनुवादी सोच का प्रभाव बना हुआ है। वरिष्ठ कार्यकर्ता मू. आर. के. चौपड़ा ने बताया कि चंडीगढ़ में हुई महापंचायत में सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में आंदोलन को तेज किया जाएगा और इसे देशभर में फैलाया जाएगा।

**गिरफ्तार किए जाए आरोपी**
पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मू. ओम सिंह टांक ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र को खत्म कर राजशाही की ओर धकेला जा रहा है। जातिवादी मानसिकता के कारण अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों के साथ संस्थागत हत्याएं की जा रही हैं। कहा कि जब बड़े अधिकारी तक इस सोच का शिकार हैं तो आम नागरिक की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। जितेंद्र रंगा ने मांग की कि सभी आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए।

## ठेके की बसों को करोड़ों की पेमेंट पर उठे सवाल, यूनियन ने उठाई जांच की मांग

- परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


सोनीपत। बैठक के दौधान मौजूद कर्मचारी व पदाधिकारी।

रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा (एटक) ने परिवहन विभाग में ठेके की किलोमीटर स्कीम पर चलने वाली बसों को कोरोना काल के दौरान 40 से 50 करोड़ रुपये की पेमेन्ट देने के निर्णय पर गंभीर सवाल उठाए है। यूनियन ने परिवहन मंत्री और महानिदेशक को पत्र लिखकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। राज्य प्रधान निशान सिंह, महासचिव जयबीर घणघस, कार्यकारी प्रधान अनूप लाठर, मुख्य सलाहकार मनजीत पहल, उपप्रधान रामपत गौरड और सचिव अनिल बडौली ने जारी बयान में कहा कि सरकार अपने नियमित कर्मचारियों का शोषण कर रही है। चालक-परिचालकों से 18-18 घंटे की ड्यूटी ली जा रही है, लेकिन वेतनमान बेहद कम है। कर्मचारियों के अर्जित अवकाशों में भी कटौती की जा रही है और पिछले आठ-नौ साल से बोनस नहीं दिया गया है। नेताओं ने कहा कि रोडवेज विभाग में चालक, परिचालक, मैकेनिक, हैल्पर व चोकीदार के हजारों पद रिक्त हैं, जिससे कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ रहा है।

## जीवीएम गर्ल्स कालेज में कार्यशाला प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न

- विस्तार से रोजगार के अवसरों व सोफ्ट स्किल्स की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


सोनीपत। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रतिभागियों के साथ वक्ता एवं कॉलेज स्टाफ।

वूमन एंड एआई विषय पर जीवीएम गर्ल्स कालेज में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला सोमवार को प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न हुई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कार्यशाला के सफल समापन के साथ प्रतिभागियों को बधाई दी।
 जीवीएम के कंप्यूटर साइंस विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में आमंत्रित वक्ता के रूप में विषय विशेषज्ञ सोनू ने विस्तृत रूप में संबंधित विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने एडवांस्ड माइक्रोसोफ्ट, एक्सेल, पावर बी 1, पायथॉन, मशीन लर्निंग, जेनरेटिव ए 1 आदि की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विस्तार से रोजगार के अवसरों व सोफ्ट स्किल्स की भी जानकारी दी। इस दौरान कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष राकेश जुनेजा ने आमंत्रित वक्ता का आभार व्यक्त किया। मीनू सुखीजा, प्रीति, अंशू आदि मौजूद थे।

## विभाग की लापरवाही से परेशान आमजन

- विधायक तक पहुंचाई शिकायतें, सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

जन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते लोगों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लगातार शिकायतें विधायक पवन खरखौदा तक पहुंचाई हैं। विधायक ने जनता को भरोसा दिलाया है कि आने वाले समय में सभी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा और लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पब्लिक हेल्थ की एसडीओ सुदेश कुमारी का कहना है की व्यवस्था सुधारी जाएगी। खरखौदा के उपभोक्ताओं को जो जलापूर्ति की जा रही है, उसमें गंदगी आ रही है। सप्लाई का पानी पीने लायक नहीं है। मजबूरन लोगों को बाज़ार से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। गंदे पानी से बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है, वह अलग। और तो और शहर में कई कई दिनों तक पानी भी नहीं आता है। मटिंडू बाईपास चौक पर सीवरेज मेनहोल पिछले ढाई से तीन महीने से टूटा हुआ है। विभाग या ठेकेदारों द्वारा अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। इसी तरह कुमारन वाली गली में भी मेनहोल टूटा पड़ा है।


खरखौदा। दुघर्टना को आमंत्रित करता टूटा मेन होल।

**समाधान हमारी प्राथमिकता**
जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। जिन अधिकारियों या कर्मचारियों ने लापरवाही बरती है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और सभी लंबित कार्य जल्द पूरे करवाए जाएंगे।
-पवन खरखौदा, विधायक खरखौदा।

**खराब एसटीपी प्लांट और निकासी कार्य अधर में**
खरखौदा का सीवरेज एसटीपी प्लांट भी जर्जर हालत में है। उचित देखरेख न होने के कारण इसकी मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। पिछले वर्ष करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से पाणिनि काशी क्षेत्र में नालों के निर्माण का कार्य जन स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया था। लेकिन यह कार्य अधूरा पड़ा है और ठेकेदार काम छोड़कर फरार हो गया है। विभागीय अधिकारी इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर जनता में जन स्वास्थ्य विभाग और सरकार के प्रति गहरी नाराजगी है।

## पर्यावरण अनुकूल और स्वच्छ तरीके से दीपावली मनाने का दिया संदेश

- जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में हुआ दिवाली महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस और रेड रिबन क्लब द्वारा उज्वल दिवाली - एक आशा की किरण थीम के तहत सोमवार को दिवाली महोत्सव का भव्य आयोजन किया, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने किया। डा. परूथी ने कामना की कि दीपों का उत्सव सबके जीवन को खुशियों की रोशनी से जगमग कर दे।


सोनीपत। कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रधान ओपी परूथी साथ में कॉलेज स्टाफ।

**सकारात्मकता फैलाने का दिया संदेश**
कॉलेज परिसर को रंग-बिरंगी रंगोलियों और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया। दिवाली मेले के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल और स्वच्छ तरीके से दिवाली मनाने का संदेश देते कहा कि दीपावली का यह पर्व न केवल अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है, बल्कि यह हमें जीवन में सच्चाई, कर्तव्यनिष्ठा और परिश्रम के महत्व का भी संदेश देता है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पूजा गुलाटी ने थीम उज्ज्वल दिवाली - एक आशा की किरण की व्याख्या करते कहा कि हमें ग्रीन दिवाली के लिए पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने हिबिस्कुस (गुड़हल) के उपचार से हरियाली और सकारात्मकता फैलाने का संदेश दिया।

## विकसित भारत विषय पर व्याख्यान व प्रश्नोत्तरी का आयोजन

# राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया

**विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और इंचार्ज डॉ दिनेश की अध्यक्षता में विकसित भारत 2047 विषय पर एक व्याख्यान तथा विकसित भारत प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। व्याख्यान में जसबीर अहलावत, ऑफिस असिस्टेंट व रंजीत, माई भारत सोनीपत (खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार) ने छात्राओं को विकसित भारत 2047 की अवधारणा, उद्देश्यों तथा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वक्ताओं ने छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।


खरखौदा। विकसित भारत प्रश्नोत्तरी की प्रतिभागी छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**युवा भविष्य की शक्ति**
बताया कि युवा वर्ग ही भारत के उज्जवल भविष्य की असली शक्ति है। उन्होंने बताया कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ, विकसित भारत प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया है। विजेताओं को अगले चरणों- निबंध, प्रस्तुतिकरण आदि में जाने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की 50 छात्राओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम डॉ. शालिनी, डॉ. प्रमिला और पूनम की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम का समापन डॉ दिनेश द्वारा छात्राओं को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में अपने योगदान के प्रति प्रेरित करते किया गया।

## खबर संक्षेप


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मेयर राजीव जैन साथ में अन्य।

### विकसित भारत के लिए मजबूत करनी होगी नींव

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा है कि 2047 में विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करनी होगी और इसके लिए स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ अभियान घर घर पहुंचना चाहिए। मेयर राजीव जैन सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मणान में दीये जलाओ लड़ी भगाओ अभियान के तहत विद्यार्थियों में मिट्टी के दीये वितरित करने के बाद विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की त्यौहार हमारी पुरातन संस्कृति के प्रतीक हैं और दीपावली पर दीये जलाने का महत्व है, इसलिए विदेशी बिजली के लड़ियों के स्थान पर हर घर मिट्टी के दीपक ही जलाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत कभी कुटीर उद्योगों के बल पर सोने की चिड़िया हुआ करता था, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वोकल फॉर लोकल पर जोर दे रहे हैं।



### रिया और अंकित ने हासिल किया दूसरा स्थान

**सोनीपत।** जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत की छात्रा रिया खत्री और छात्र अंकित ने राज्य स्तरीय कला उत्सव (2025–26) में आयोजित इंडिजिनस टॉय एंड गेम प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। यह प्रतियोगिता जीएसएसएस स्कूल, सिवाह (पानीपत) में आयोजित की गई थी। इन छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली है। जिससे वे अपने कौशल और रुचियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। प्राचार्या व प्रधान एवं प्रबंधक समिति के सदस्यों ने विजेताओं को दी बधाई।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल की टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन के परिचय देते हुए कई पदक जीते

# राज्य स्कूल गेम्स तैराकी में खिलाड़ियों ने जीते पदक

**पदक विजेताओं में प्रांजल ने विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया**

*प्रांजल ने मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर बी-फ्लाई, 4×100 मीटर एफ/एस रिले, और 4×100 मीटर मेडले रिले जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और 1 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक अपने नाम किए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अंबाला कैंट के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में आयोजित 58वीं 'हरियाणा राज्य स्कूल गेम्स तैराकी चैंपियनशिप 2025' में राज्य भर से कई प्रतिभाशाली तैराकों की टीमों ने हिस्सा लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में ब्राइट स्कॉलर स्कूल की टीम ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई पदक जीतकर अपनी क्षमता का परिचय दिया।

पदक विजेताओं में प्रांजल ने विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर बी-फ्लाई, 4×100 मीटर एफ/एस रिले, और 4×100 मीटर मेडले रिले जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और 1 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक अपने नाम किए। उनके शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए भी चयनित किया गया। इसी प्रकार, यशिका सहरावत ने 4×100 मीटर एफ/एस रिले में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा दिव्या, भूमि और श्रेया ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी मेहनत और कौशल का प्रदर्शन किया। स्कूल प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने विजेताओं को बधाई दी और उन्हें प्रेरित किया कि वे भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ अपनी प्रतिभा दिखाएं। साथ ही उन्होंने कोच नीरज सांगवान की भी सराहना की, जिन्होंने छात्रों को प्रशिक्षित कर उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाई।


सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीते पदक

**सोनीपत।** 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 तक हिसार में आयोजित हरियाणा स्कूल स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर-19 बालिका वर्ग में प्रतियोगिता के फाइनल मैच में हिसार के साथ 16-21, 16-15 के सेट स्कोर से खेलते हुए अक्षिता, नैंसी व अवनी ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर पदक जीतकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 21 टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। सभी विजेता खिलाडियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल व उप-प्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने उनको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।


सोनीपत। कोच के साथ पदक विजेता खिलाड़ी।

### मार्केट न्यूज

## रामा कृष्णा बिल्डवेल लिमिटेड द्वारा किया डिवाइन सिटी में फेज-2 का हुआ उद्घाटन



डिवाइन सिटी फेज-2 के उद्घाटन समारोह में उपस्थित भाजपा नेता माईराम कौशिक, सतीश लूथरा सहित अन्य।

**गन्नौर।** रामा कृष्णा बिल्डवेल लिमिटेड की ओर से डिवाइन सिटी में फेज-2 के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के छोटे भाई भाजपा नेता माईराम कौशिक मुख्य अतिथि व रामा कृष्णा बिल्डवेल लिमिटेड के चेयरमैन सतीश लूथरा विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किए गए। माईराम कौशिक ने कहा कि भाजपा द्वारा गन्नौर में अंतर्राष्ट्रीय बागवानी का निर्माण जोर शोर से करवाया जा रहा हैं। जिससे यहां लोगों का रुझान बढ़ने लगा और गन्नौर एक विकसित क्षेत्र के रुप में उभर रहा है। सतीश लूथरा ने बताया कि फेज-2 में 3 स्कूल, 2 अस्पताल, 3 मल्टीप्लेक्स, 1 फूड कार्ट और 5 सितारा रेस्तरां भी खुलेगा। जिससे क्षेत्र को पूर्ण विकसित आवासीय स्वरूप और व्यापारिक केंद्र के रूप में बढ़ावा मिलेगा। यह प्रोजेक्ट क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का काम करेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, डिवाइन सिटी मंदिर अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

### आयुष शिविर में 170 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांचा

■ अच्छे स्वास्थ्य के लिए वात, पित और कफ का संतुलन जरूरी : डॉ. विनोद

**गोहाना।** सोमवार को राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में एनएसएस की दोनों इकाइयों द्वारा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य विषय पर शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिक अस्पताल गोहाना से आयुष विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार टीम के साथ पहुंचे और 170 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में यह माना जाता है कि अगर स्वस्थ रहने के लिए वात, पित और कफ का संतुलन बहुत जरूरी है। तीनों में से किसी का संतुलन बिगडने पर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। आयुर्वेदिक उपचार का मुख्य उद्देश्य यही होता है कि इन तीनों का संतुलन बनाए रखा जाए। आयुर्वेद में शरीर, मन और चेतना संतुलन बनाए रखने में एक साथ काम करते हैं। मंच संचालन प्रवीण देवी ने किया। खरखौदा कालेज से डा. रेखा ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। योग प्रशिक्षक नीलम, नरेश, अमरजीत व अनुज देशवाल ने व्यायाम का अभ्यास कराया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. सीमा व प्रवीण देवी रही।

## राजपुर-भिगान मार्ग पर अधूरा कार्य दुर्घटनाओं का कारण

■ हादसे का भय, साइड में मिट्टी न डाले जाने से परेशान वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

राजपुर से भिगान तक जाने वाली मुख्य सड़क का चौड़ीकरण कार्य पूरा हुए लगभग एक वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन आज तक इस सड़क के किनारों पर मिट्टी भराई का कार्य नहीं किया गया। ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ा गया कार्य वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क के दोनों ओर जगह-जगह खाली गड्ढे बने हुए हैं, जिनके कारण सड़क की किनारियां टूटनी शुरू हो गई हैं। परिणामस्वरूप छोटे-बड़े वाहनों के फिसलने का खतरा हमेशा बना रहता है। चौड़ीकरण के दौरान सड़क के किनारे जो हिस्सा गड्ढों के रूप में बचा था, उसमें न तो मिट्टी डाली गई और न ही उसका समुचित समतलीकरण किया गया।


गन्नौर। राजपुर भिगान सड़क मार्ग पर साइडों में मिट्टी न डालने के चलते टूटी सड़क।

### दिन-प्रतिदिन सड़क की कंडीशन बिगड़ती जा रही

पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदार की इस लापरवाही का खामियाजा अब जनता को भुगतना पड़ रहा है। राहगीर संजू,सुनील व ब्रजेश ने बताया कि दिन-प्रतिदिन सड़क की कंडीशन बिगड़ती जा रही है। रात के समय जब भारी वाहन गुजरते हैं, तो किनारों का हिस्सा दब जाता है और सड़क की बाहरी परत धंसने लगती है। दूसरी ओर, बरसात में सड़क के किनारे धस गए है जिसके चलते कई बार दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में फंसकर गिर चुके हैं। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि सड़क किनारों पर तत्काल मिट्टी भरकर उसे सुरक्षित किया जाए।

## सरपंचों, ब्लाक समिति और नपा पार्षदों के साथ विधायक ने की बैठक

### प्रधानमंत्री की रैली का निमंत्रण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

राई विधायक कृष्णा गहलावत ने सोमवार को राई व मुरथल ब्लाक के सरपंचों की संबधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में ब्लाक समिति सदस्यों व कुंडली नगरपालिका के पार्षदों की राई रेस्ट हाऊस में बैठक की। बैठक में विधायक कृष्णा गहलावत ने सरपंचों व ब्लजाक समिति सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वे जोश व उत्साह से ग्रामीणों के साथ आगामी 17 अक्टूबर को सोनीपत के राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में जन विश्वास, जन विकास रैली में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुने।



### मोदी का हरियाणा में आगमन हमारे लिए गर्व

विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हरियाणा की धरती पर आगमन पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा में आगमन हमारे लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। यह रैली न केवल विकास कार्यों की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि जनता के विश्वास का प्रतीक भी है। हमें एकजुट होकर ऐतिहासिक कार्यक्रम में जोश से पहुंचना है।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 65 ने किया रक्तदान

**सोनीपत।** मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा सोमवार को बहालगढ़ स्थित एक कंपनी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष श्री मीत अलख और सचिव राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर स्वर्गीय रघुनाथ अरोड़ा की को समर्पित था। इस अवसर पर कुल 65 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुमीत अलख ने विजय अरोड़ा, सुरिंदर कुमार अरोड़ा और अश्वनी कुमार अरोड़ा का धन्यवाद प्रकट किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल रहा।


सोनीपत। रक्तदान शिविर में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।



### जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में सोमवार को विकसित भारत बिल्डथॉनः 2025 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को लाइव वीडियो दिखाई गई। नेतृत्व विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा देवी ने किया। मार्गदर्शन विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा का रहा और अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की।

डॉ. सचिन शर्मा ने बताया कि विकसित भारत बिल्डथॉनः 2025 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय द्वारा अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग और एआईसीटीई के सहयोग से आयोजित किया।

कार्यक्रम के तहत कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थी अपने नवाचारी विचारों को प्रस्तुत कर देश की प्रगति में योगदान देने का अवसर प्राप्त कर सृजनात्मकता और समस्या-समाधान की क्षमता को बढ़ावा देंगे।

## जनसेवा के कर्तव्य पालन को ईमानदारी से निभाएं : अंजलि

■ एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी। शिविर में परिवार पहचान पत्र, अवैध कब्जे हटवाने और पशुओं के पानी पीने के तालाबों में दूषित पानी रोकने बारे शिकायतें प्राप्त हुई।

अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि अधिकारी जनता के सेवक हैं। वे जनसेवा के प्रति कार्य को ईमानदारी से करें।


गोहाना। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय।

### लोगों को नहीं होना पड़ रहेगा परेशान

ईमानदारी से कार्य करने पर जनता में अधिकारियों के प्रति विश्वास बढ़ेगा, समय पर लोगों की समस्याओं का निदान होगा और लोगों को अपनी समस्याओं को लेकर बार-बार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी ड्रैस कोड (परिधान) की पालना करें। जीन्स, टी-शर्ट जैसे परिधान कार्यालय में अमान्य हैं। अधिकारी और कर्मचारी फॉरमल पैंट व शर्ट में कार्यालय में आना सुनिश्चित करें। इस मौके पर एसीपी देवेंद्र, बीडीपीओ परमजीत रंगा, पंचायती राज एसडीओ जितेंद्र, एफएसओ सतीश दहिया आदि रहे।

### संदिग्ध परिस्थिति में 67 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत

**सोनीपत।** सेक्टर-15 स्थित एक घर में 67 वर्षीय बुजुर्ग महिला संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। परिजन उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतका सेक्टर-15 की निवासी थी और अपने परिवार के साथ रहती थी। परिजनों ने बताया कि सोमवार सुबह महिला को कमरे में अचेत अवस्था में पाया गया। जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया गया, तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया था। परिजनों ने बताया कि वह लंबी बीमार से ग्रस्त थी। इस संबंध में आपातकालीन विभाग में तैनात चिकित्सक को जानकारी दी। चिकित्सक ने जरूरी कागजात देखे। वहीं परिजनों ने पोस्टमार्टम न करवाने पर चिकित्सक के सामने सहमति जताई। उसके बाद परिजन शव को लेकर अपने घर चले गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष की अगुवाई में वोट चोर - गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुए सोनीपत में किया प्रदर्शन

# वर्तमान सरकार चुनी हुई नहीं, बल्कि वोट चोरी से बनाई गई

■ आइपीएस वाई. पूरन कुमार को मिले न्याय, आरोपियों पर हो कार्रवाई : राव नरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आज सोनीपत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने "वोट चोरी" के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी शहरी अध्यक्ष कमल दिवान ने की। इस अवसर पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस मौके पर राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के खुलासे से साफ हो गया है कि हरियाणा में भी बीजेपी जीती नहीं, बल्कि उसने कांग्रेस की सरकार चुराई है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग अपनी साख गंवा चुका है और हरियाणा में उसने पूरी तरह बीजेपी के इशारे पर काम किया। यही वजह है कि प्रदेश में जो वोटिंग 1 अक्टूबर को होनी थी, वो 5 अक्टूबर को हुई। उस समय भी कांग्रेस ने चुनाव आयोग की मंशा और कार्यशैली पर संदेह जताया था और तारीख स्थगित करने का विरोध जताया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में आईपीएस वाई. पूरन कुमार को न्याय नहीं मिल पा रहा है।



सोनीपत। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष, सांसद, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

**लोगों का धरना पदर्शन लगातार जारी**

राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि एससी और बीसी वर्ग के साथ लगातार अन्याय हो रहा है, जिसके विरोध में लोग धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, परंतु सरकार अब तक आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर पाई है। उन्होंने मांग की कि दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

### अन्याय के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे

कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि भाजपा शासनकाल में एससी और ओबीसी वर्गों के साथ लगातार अत्याचार बढ़ा है। कांग्रेस पार्टी हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और अन्याय के खिलाफ अंतिम सांस तक संघर्ष करेगी। दिवान ने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और कांग्रेस का यह आंदोलन जनता की आवाज को बुलंद कर रहा है। इस प्रदर्शन में उनके साथ कांग्रेस पार्टी के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, जगबीर मलिक, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मीकि, मनोज रिढ़ाऊ, राजीव सरोहा, सुरेंद्र छिकारा, पूर्व चेयरमैन अशोक छाबड़ा, कमल हसीजा, ललित पवार, अनंत दहिया, भले राम जांगड़ा, राकेश सौदा, इसाक मदर, प्रेम नारायण गुप्ता, सतबीर निर्माण, अमनदीप, सोनू वर्मा, मनीष सैनी, प्रशांत शर्मा, सतपाल चौहान, जयवीर अंतिल और लीलू प्रधान आदि मौजूद रहे।